# शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी

## जिला - दुर्ग

# “महाविद्यालय दर्पण”

## जून 2024




**सम्पादक**

**डॉ. आशा दीवान**

**डॉ. मीना चक्रबोर्ती**

**डॉ. नुसरत जहाँ**

ई मेल – govtcollegebori@gmail.com

वेबसाइड – www.govtcollegebori.com

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी, जिला - दुर्ग
## "महाविद्यालय दर्पण" जून 2024




उच्च शिक्षा ने दशकों से समाज के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में कार्य किया है। उच्च शिक्षा सफल समाज के विकास में योगदान देता है और आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्धा और ज्ञान को बढ़ाता है। छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर धमधा विकासखण्ड अंर्तगत ग्राम बोरी बुजुर्ग में नवीन महाविद्यालय अवस्थित है । सन 2012 से पूर्व ग्राम बोरी एवं लगभग 20 से 25 ग्रामों के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 30 कि.मी. की दूरी तय करनी होती थी । आर्थिक एवं आवागमन की समस्याओं के साथ समाज के विकास में उच्च शिक्षा के महत्व को समझते हुए ग्राम वासियों ने छ.ग. शासन से ग्राम बोरी में महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग रखी, जिसके परिणाम स्वरुप शासन द्वारा वर्ष 2012 में बोरी में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कुछ कमरों में वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय के साथ महाविद्यालय की स्थापना कर अध्यापन कार्य प्रारंभ किया गया ।

महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य के रूप में डॉ. पी .सी .चौबे ने पदभार ग्रहण किया । वर्ष 2014 से डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा प्राचार्य के पद पर आसीन हुए । वर्ष 2015 तक महाविद्यालय का संचालन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरी के भवन में संचालित था । वर्ष 2016 में महाविद्यालय का नया भवन बनकर तैयार हुआ और नए भवन में कक्षाएं प्रारंभ हुईं। महाविद्यालय के पास 26 एकड़ भूमि उपलब्ध है । महाविद्यालय को यह भूमि आसपास के ग्रामवासियों द्वारा दान स्वरूप प्रदान की गयी है । 30 नवम्बर 2023 को डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा के सेवा निवृत्ति उपरान्त डॉ. हंसराज ठाकुर ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, तत्पश्चात 11 नवंबर 2024 को डॉ. (श्रीमती) क़मर तलत प्राचार्य पद पर आसीन हुईं ।

नई प्राचार्या डॉ (श्रीमती) कमर तलत के महाविद्यालय में प्राचार्य पदभार ग्रहण करने के उपरांत स्टाफ काउंसिल की मीटिंग में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी जन सामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने का निर्णय लिया गया ।पत्रिका के नाम ' महाविद्यालय दर्पण ' रखा जाए , यह सुझाव डॉ समीर जायसवाल, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा दिया गया, जिसका अनुमोदन महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों द्वारा किया गया ।तत्पश्चात यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन विगत सत्र से किया जावेगा । इस प्रकार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ (श्रीमती) कमर तलत के अभिनव प्रयास के फलस्वरुप महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन सत्र 2023 – 24 से किया जाना सुनिश्चित किया गया।

वर्ष 2012 में दो नियमित सहायक प्राध्यापकों तथा आठ अतिथि व्याख्याताओं के साथ प्रारंभ होकर वर्तमान में महाविद्यालय में बारह सहायक प्राध्यापकों तथा सात अतिथि व्याख्याताओं के साथ सफलतापूर्वक अध्यापन कार्य संचालित है । महाविद्यालय का प्रारंभ स्नातक बीए, बीकॉम एवं बीएससी के साथ हुआ था, वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक के साथ ही पांच विषयों में एम कॉम, एम एस सी (केमिस्ट्री), एम ए अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की कक्षाएं भी संचालित हैं ।

# महाविद्यालय परिवार

## सहायक प्राध्यापकों की सूची

| स.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. हंसराज ठाकुर | प्रभारी प्राचार्य |
| 2 | डॉ. तापस मुखर्जी | सहा. प्रा. अंग्रेजी |
| 3 | श्रीमती अन्नपूर्णा महतो | सहा. प्रा. हिंदी |
| 4 | डॉ. आशा दीवान | सहा. प्रा. हिंदी |
| 5 | डॉ. अमरनाथ शर्मा | सहा. प्रा. समाजशास्त्र |
| 6 | डॉ. हंसराज ठाकुर | सहा. प्रा. अर्थशास्त्र |
| 7 | डॉ. मीना चक्रबोर्ती | सहा. प्रा. रसायन शास्त्र |
| 8 | श्री सुरेन्द्र कुमार मेहर | सहा. प्रा. गणित |
| 9 | डॉ. संगीता देवी शर्मा | सहा. प्रा. वनस्पति शास्त्र |
| 10 | श्रीमती कविता ठाकुर | सहा. प्रा. प्राणिशास्त्र |
| 11 | डॉ. समीर जायसवाल | सहा. प्रा. वाणिज्य |
| 12 | श्री भागवत कुर्रे | सहा. प्रा. भूगोल |
| 13 | डॉ. मनीषा ठाकुर | सहा. प्रा. रसायन शास्त्र |
| 14 | श्री मोहित कुमार | सहा. प्रा. भौतिक शास्त्र |
| 15 | विनीता मेश्राम | अतिथि व्या. समाजशास्त्र |
| 16 | श्री सुनील देवांगन | अतिथि व्या. वाणिज्य |
| 17 | डॉ. आशुतोष साहू | अतिथि व्या. वाणिज्य |
| 18 | श्रीमति रेणु गुप्ता | अतिथि व्या. हिन्दी |
| 19 | श्री सूरज सिवारे | अतिथि व्या.राजनीति विज्ञान |
| 20 | डॉ.नुसरत जहाँ | अतिथि व्या. राजनीति विज्ञान |
| 21 | डॉ.भारती साहू | अतिथि व्या. अर्थशास्त्र |
| | कार्यालयीन कर्मचारियों की सूची | |
| 22 | श्री अनिल कुमार मिश्रा | लिपिक श्रेणी -2 |
| 23 | श्री डामन लाल साहू | लिपिक श्रेणी - 3 |
| 24 | श्री योगेश ठाकुर | भृत्य |
| 25 | श्रीमती प्रज्ञा देवांगन | भृत्य |
| | | |

## जनभागीदारी प्रबंधन समिति की सूची

| स.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जीवन लाल वर्मा | जनभागीदारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष |
| 2 | अपर-कलेक्टर | उपाध्यक्ष |
| 3 | डॉ. हंसराज ठाकुर | सचिव |
| 4 | श्री जीवन लाल निर्मलकर | विधायक प्रतिनिधि |
| 5 | संतलाल बंजारे | सदस्य अनुसूचित |
| 6 | श्री जोहन साहु | कृषक सदस्य |
| 7 | राधेश्याम नेताम | सदस्य अनुसूचित |
| 8 | राधेश्याम वर्मा | सदस्य पिछड़ा वर्ग |
| 9 | इन्द्रदेव ताम्रकार | स्थायी सदस्य |
| 10 | श्री सुरेश वर्मा | दानदाता सदस्य |
| 11 | श्री विपुल कुमार अग्रवाल | दानदाता सदस्य |
| 12 | उदय नारायण सिंह | दानदाता सदस्य |
| 13 | मो.इफरान खान | दानदाता सदस्य |
| 14 | कामदेव साहु | स्थायी सदस्य |
| 15 | श्रीमती लोकेश्वरी ढीमर | महिला सदस्य |
| 16 | ज्ञानेश्वर प्रसाद देशलहरे | प्राचार्य पोषक शाला |
| 17 | राजकुमार देवांगन | सरपंच बोरी |
| 18 | श्री गोपेन्द्र राजपूत | सदस्य (भूतपूर्व छात्र) |
| | | |
| | | |
| | | |

# महाविद्यालय में आयोजित विभागीय गतिविधियाँ

## हिंदी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- ### गांधी जयंती

महाविद्यालय के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आशा दीवान के कुशल मार्गदर्शन में गांधी जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी जी की बुनियादी शिक्षा विषय पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ कर हिस्सा लिया।

- ### हिंदी दिवस

हिंदी विभाग द्वारा 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा दीवान के निर्देशन में काव्य पाठ का आयोजन किया गया , जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया । डॉ आशा दीवान ने हिंदी की महत्ता में प्रकाश डाला । कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं प्राचार्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमरनाथ शर्मा ने किया ।

- ### रामचरित् मानस संगोष्ठी का आयोजन

महाविद्यालय के हिंदी विभाग के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के द्वारा तुलसीदास कृत रामचरितमानस की चौपाइयों का पठन किया गया । विभागाध्यक्ष डॉक्टर आशा दीवान के द्वारा श्री रामचंद्र जी की जीवनी पर विचार रखे गए एवं तुलसीदास कृत रामचरित मानस के अलावा उनके विभिन्न कृतियों पर भी चर्चा की गई । इसी कड़ी में आगे यह बताया गया कि राम जी का चरित्र सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण न होकर सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है जिसका सभी अनुकरण कर सकते हैं। रामचरितमानस के सभी पात्रो का चरित्र अनुकरणीय है ।




श्री रामचरितमानस का आयोजन

## गणित विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

- ### गणित दिवस का आयोजन

गणित विभाग द्वारा दिनांक 23. 12. 2023 को गणित दिवस का आयोजन किया गया , जिसका संचालन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार मेहर द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर द्वारा दैनिक जीवन में गणित की महत्ता विषय पर अपने विचार रखे । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गणित पर आधारित मॉडल की प्रस्तुति दी गई । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे । इस विशेष अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा ऑडिटोरियम के समीप रंगोली बनाकर एवं पोस्टर बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. तापस मुखर्जी, डॉक्टर अमरनाथ शर्मा,डॉ. आशा दीवान एवं डॉ मीना चक्रवर्ती रहे । कार्यक्रम के अंत में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले

छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया । कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार मेहर ने किया।

गणित विभाग द्वारा गणित दिवस का आयोजन






## रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- **नेशनल साइंस डे**

महाविद्यालय बोरी में 28 फरवरी 2023 को नेशनल साइंस डे का आयोजन किया गया । विभागाध्यक्ष डॉ मीना चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ । विज्ञान विभाग के सभी छात्र–छात्राओं में बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया । विभाग द्वारा रंगोली व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताये आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विषयों पर रंगोली बनाया तथा वह पोस्टर के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुति की । डॉ मीना चक्रवर्ती ने जीवन में विज्ञान के महत्व विषय पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि विज्ञान हमारे जीवन में हमारे हर गतिविधियों से जुड़ा हुआ है । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभाग के प्राध्यापक एवं छात्रगण उपस्थित थे । कार्यक्रम के अंत में डॉ मनीषा ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।




रसायन शास्त्र विभाग द्वारा साइंस डे का आयोजन

पत्रिका

| शैक्षणिक भ्रमण |

**विद्यार्थियों ने फार्म हाउस में जैविक कृषि के बारे में जाना**

अंडा @ पत्रिका . शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा डॉ. मीना चक्रबोर्ती तथा डॉ. मनीषा ठाकुर के मार्गदर्शन में एमएससी पूर्व तथा अंतिम के विद्यार्थियों को ऑर्गेनिक फार्मिंग से रूबरू कराने गाड़ाडीह स्थित फार्म हाउस का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने देखा कि जैविक कृषि में संश्लेषित उर्वरकों तथा कीटनाशकों के स्थान पर हरी खाद व गोबर खाद आदि का प्रयोग किया जाता है।

रसायन शास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

- **शैक्षणिक भ्रमण**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन 21 जनवरी 2024 को रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मीना चक्रवर्ती एवं सहायक प्राध्यापक डॉ मनीषा ठाकुर के निर्देशन में आयोजित किया गया। एमएससी पूर्व तथा अंतिम के विद्यार्थियों को ऑर्गेनिक फार्मिंग से अवगत कराने गाड़ाडीह स्थित फार्म हाउस का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने देखा कि जैविक कृषि में संश्लेषित उर्वरकों तथा कीटनाशकों के स्थान पर आर्गेनिक कम्पोस्ट खाद आदि का प्रयोग किया जाता है।

- **मेमोरी टेस्ट**

शासकीय महाविद्यालय बोरी में 21 जनवरी 2023 को मेमोरी टेस्ट का आयोजन रसायन विभाग द्वारा किया गया। रसायन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को बोरी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में डॉ चक्रवर्ती के सफल निर्देशन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मेमोरी को बढ़ाने के लिए विशेष प्रकार के टिप्स दिए गए और मेमोरी टेस्ट की एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समापन की घोषणा डॉ. मनीषा ठाकुर द्वारा की गई।

## जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

- **एक दिवसीय सेमिनार एवं प्रोजेक्ट वर्क**

शासकीय महाविद्यालय बोरी में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जो कि श्रीमती कविता ठाकुर के सफल निर्देशन तथा मार्गदर्शन पर हुआ। जिसका विषय मत्स्य पालन था जिस पर श्रीमती कविता ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को यह बताया कि मत्स्य पालन मछली का व्यवसायिक प्रजनन है। यह एक प्रकार का जलीय कृषि है जिसमें मछली, केकेड़े और मॉलस्क सहित जलीय जीवों को सावधानी पूर्वक पाला और काटा जाता है। यह प्राकृतिक संदर्भ में भी किया जाता है जिसे अंग्रेजी में pisciculture कहते हैं।




एक दिवसीय सेमिनार एवं प्रोजेक्ट वर्क

## जंतु विज्ञान विभाग द्वारा जल जैव विविधता विषय पर सेमिनार

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में जल जैव विविधता विषय पर सेमिनार का आयोजन श्रीमती कविता ठाकुर, विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन के अंतर्गत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं पोस्टर बनाकर ,अपने विचार प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ जिसमें सभी विषयों के प्राध्यापक मौजूद रहे एवं अतिथि प्राध्यापकों ने अपनी भागीदारी दी। कार्यक्रम में श्रीमती कविता ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को उद्बोधित करते हुए जल जैव विविधता का अर्थ समझाया एवं संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष श्रीमती कविता ठाकुर ने जैव विविधता से तात्पर्य किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवो एवं वनस्पतियों की संख्या तथा विभिन्न प्रकार के पौधों,प्राणियों एवं सूक्ष्मजीवों के पारस्परिक संबंध बताया। 1992 में ब्राजील के रियो डि जेनेरो में सर्वप्रथम जैव विविधता पर सम्मेलन आयोजित किया गया था।




जल जैव विविधता पर सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता

## वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- फील्ड सर्वे एवं विश्व कवक दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 25 सितंबर 2023 को फील्ड सर्वे का आयोजन किया गया जिसमें 17 छात्र-छात्राओं को पादप क्षेत्र की यात्रा कराई गई जिसका उल्लेख विभिन्न प्रकार के पौधों का अध्ययन एवं उनमें होने वाले रोगों का निदान कैसे किया जाए । इसकी जानकारी दी गई ।उक्त सर्व वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ संगीता शर्मा के सफल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। विश्व दिवस का आयोजन पोस्टर बनाकर ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से किया।



फील्ड सर्वे एवं ऑनलाइन पद्धति से कवक दिवस का आयोजन

## भौतिकी शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम दिवस

शासकीय नवीन महाविद्याल बोरी में 15 अक्टूबर 2023 भौतिकी शास्त्र विभाग द्वारा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम दिवस का आयोजन किया गया । भौतिकी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री मोहित कुमार ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की उपलब्धियां छात्र-छात्राओं को बताई । अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ तापस मुखर्जी ने छात्रों को उद्‌बोधन करते हुए डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की महानता का बखान किया । इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे, तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया ।

- डॉ. सी.वी. रमन दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा डॉ. सी.बी.रमन दिवस का आयोजन कराया गया । भौतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री मोहित कुमार ने डॉ.सी. वी. रमन की उपलब्धियां को बताते हुए उद्‌बोधित किया । इसी कड़ी में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशा दीवान एवं डॉ. तापस मुखर्जी ने रमन दिवस की महत्ता को छात्र-छात्राओं को बताया। महाविद्यालय का यह आयोजन सभागार में संपन्न हुआ । इस आयोजन पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने रंगोली एवं पोस्टर बनाकर प्रतियोगिता

में भाग लिया । महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया ।

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- ### विशेष व्याख्यान के अंतर्गत( बेहतर उत्तर लिखने के टिप्स)

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी दुर्ग में समाजशास्त्र विभाग द्वारा बेहतर उत्तर लिखने विषय पर 2 मई 2024 को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विशेष विशेषज्ञ के रूप में डॉ. तरुण पद्मावत शासकीय महाविद्यालय धमधा आमंत्रित थे। यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ शर्मा के सफल मार्गदर्शन एवं संचालन में प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दी । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कक्षा क्रमांक 1 में हुआ।  डॉ. तरुण ने छात्र–छात्राओं को यह बताया कि परीक्षा में बैठकर सर्वप्रथम वह एक उत्तर के लिए समय का विभाजन कर लें तत्पश्चात वह उत्तर लिखना शुरू करें । परीक्षा हॉल में साथ में एक पानी का बोतल लेकर जरूर आए एवं अच्छी तरह भोजन करके आए अपने दिमाग को संतुलित रखें ।  उत्तर लिखते समय उत्तर को आकर्षक बनाने के लिए फ्लो चार्ट एवं अच्छी राइटिंग बनाने का प्रयास करें । कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमरनाथ शर्मा ने किया ।

- ### विशेष व्याख्यान के अंतर्गत (सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी कैसे करें) का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में समाजशास्त्र विभाग के द्वारा सेमेस्टर परीक्षा में उच्छी तैयारी कैसे की जाय विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आर.एन.टंडन आमंत्रित थे। कार्यक्रम का आरंभ समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमरनाथ शर्मा के द्वारा किया गया तत्पश्चात डॉ. आर. एन. टंडन ने छात्र–छात्राओं को यह बताया की सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी किस तरह की जाए, इस विषय पर उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपने भविष्य के लिए सजग करते हुए परीक्षा की तैयारी करने के उपयोगी टिप्स दिए ।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 1 में हुआ ।



समाजशास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन

## राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

- ### संविधान दिवस

महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमरनाथ शर्मा ने किया । संविधान की प्रस्तावना विशेषता एवं महत्व को बताते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता श्री सूरज कुमार ने छात्र–छात्राओं को विस्तृत तरीके से उद्‌बोधन दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशा दीवान ने अपना वक्तव्य छात्र–छात्राओं के समक्ष रखा इस अवसर पर संविधान में वर्णित शिक्षा के अधिकार पर बल देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता डॉ. नुसरत जहां ने छात्र–छात्राओं को उद्‌बोधन दिया । कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए सूरज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया ।




राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- ### सांख्यिकी दिवस

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हंसराज ठाकुर के निर्देशन में 29 जून 2024 को सांख्यिकी विद प्रोफेसर प्रशांतचंद्र महालनोविस जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 4 जुलाई को मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमतीअन्नपूर्ण महतो थी । उन्होंने प्रोफेसर महालनोविस की जीवनी में प्रकाश डालते हुए उनको भारतीय सांख्यिकी का जनक बताया । कार्यक्रम में सभी विभाग के प्राध्यापक सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

**शैक्षणिक भ्रमण**

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों को लागत ,उत्पादन, बाजार , रोजगार व आय को भली भांति समझाने के उद्देश्य से ग्राम टेकापार स्थित फार्महाउस जहां पर केला , आम, अमरूद की खेती की जाती है का भ्रमण कराया गया । अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ हंसराज ठाकुर ने छात्र छात्राओं को आर्थिक प्रणाली को समझाने उत्पादन व रोजगार के महत्व में प्रकाश डाला ।



शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

## अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

- ### सात दिवसीय सेमिनार का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में 7 दिवसीय सेमिनार का आयोजन 4 दिसंबर2023 से 12 दिसंबर 2023 तक किया गया। जिसका विषय DeveIoping speaking skiIIs रहा। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तापस मुखर्जी ने महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को सात दिवसीय सेमिनार के द्वारा यह समझाया कि अंग्रेजी में लिखे शब्दों को किस तरीके से आसान बनाकर पढ़ा जा सकता है। छात्र–छात्राओं को समाचारपत्र पढ़ने की सलाह देते हुए अंग्रेजी विषय को समझाया तथा प्रत्येक व्यक्ति अपनी संवाद कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रतिदिन अंग्रेजी अखबार पढ़ कर उसे समझने की कोशिश करें।



सात दिवसीय सेमिनार का आयोजन

## भूगोल विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

- **स्वीप कार्यक्रम**

महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यतः पोस्टर, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता था इस कार्यक्रम में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रमका संचालन श्री भागवत कुर्रे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. आनंद विश्वकर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।



नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Bhilai City - 31 Oct 2023 - bh-3 Gramin
epaper.navabharat.news

**शासकीय नवीन कॉलेज बोरी में स्वीप कार्यक्रम आयोजित**

नवभारत रिपोर्टर । अंडा।

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अंतर्गत रंगोली कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें छात्र / छात्राएं भाग लिए और मतदाता जागरूकता पर रंगोली बनाया गया। इसमें प्रथम स्थान पर धनराज साहू बी. कॉम भाग द्वितीय, द्वितीय स्थान पर तान्या साहू ग्रुप बी ए भाग एक, मुरली तृतीय स्थान पर मुरली बी एस सी भाग तीन (गणित) पर रही। कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें चंचल बीएससी भाग तीन गणित प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर गजेन्द्र साहू बीएससी ए. भाग दो, तृतीय स्थान पर ऊषा एमएससी तृतीय सेमेस्टर और दीपाली बी कॉम भाग द्वितीय पर रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा, डॉ. मीना चक्रवर्ती, डॉ. मनीष ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार मेहर, मोहित कुमार, व्याख्याता विनीता, सुनील कुमार, आशुतोष साहू, सूरज शिवारे, डॉ. नुसरत जहां आदि उपस्थित थे।

स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

## वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

- **एम.कॉम के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ का आयोजन**

27 जुलाई 2023 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी, वाणिज्य विभाग में एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ .तापस मुखर्जी ने आज के समय में पढने के कौशल (Reading Skill ) पर सभी विद्यार्थियों को ध्यान देने को कहा। डॉ आशा दीवान वरिष्ठ प्राध्यापक हिंदी ने अनुशासन के महत्व को बताया और इसको जीवन में सम्मिलित करने की सुझाव दी और भविष्य में सभी सफलताओं की कुंजी के रूप में बतलाया।

डॉ अमरनाथ शर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक समाजशास्त्र ने विद्यार्थी को समग्र विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक विकास को अति आवश्यक बतलाया। डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने एम.कॉम कार्यक्रम की विशेषता बतलाते हुए कहा कि एम.कॉम की पढाई के साथ साथ प्रेजेंटेशन कौशल पर भी विशेष ध्यान विद्यार्थी देवें, पढाई पढने के लिए नहीं बल्कि पढ़ाने के उद्देश्य के साथ करें जिससे आने वाले प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयारी सही दिशा में हो सके।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम




- बी .कॉम प्रथम वर्ष  के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ  का आयोजन

25 जुलाई 2023 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में स्नातक प्रथम वर्ष का दीक्षारम्भ कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री जितेन्द्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति में सुचारू रूप से संचालित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जन प्रतिनिधि श्री पवन शर्मा , श्री कृष्णा पटेल , श्री संजय कश्यप, श्री अरविंद पटेल एवं श्री राजेंद्र पटेल भी उपस्थित थे। फिर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री जितेन्द्र साहू  ने  महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्नातक में प्रवेश के लिए  शुभकामनाएं दी एवं बताया  कि आने वाले  नवीन पाठ्यक्रम को  बड़ी गंभीरता से लिया जाये  तथा उच्च शिक्षा  के महत्व को समझें जिससे उनका भविष्य उज्जवल  बन सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के  प्राध्यापक डॉ अन्नपूर्णा महतो, श्री सुरेन्द्र कुमार मेहर, डॉ संगीता शर्मा, श्रीमती कविता ठाकुर, डॉ समीर जायसवाल , श्री भागवत कुर्रे, श्री मोहित कुमार, अतिथि प्राध्यापक डॉ. भारती साहू, डॉ नुसरत जहाँ , डॉ. आशुतोष साहू, श्री सुनील देवांगन, कु. विनीता मेश्राम एवं  कार्यालय से श्री डामन लाल साहू , श्रीमती प्रज्ञा देवांगन एवं  श्री योगेश ठाकुर उपस्थिति थे।




दीक्षारम्भ कार्यक्रम

- पुस्तक सारांश प्रतियोगिता

वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 28.08.2023 को महाविद्यालयीन स्तरीय पुस्तक सारांश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों के बीच प्रस्तुति कौशल, पढ़ने के कौशल में सुधार लाने और उनकी व्याख्या कौशल का पता लगाने के लिए महाविद्यालय स्तर पर पुस्तक सारांश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पुस्तक सारांश प्रतियोगिता में 12 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता और पाठ्यक्रम से प्रसिद्ध पुस्तक "रॉबर्ट कियोसाकी द्वारा लिखित रिच डैड पुअर डैड " की प्रस्तुति और व्याख्या कौशल का पता लगाने की पहल थी। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. तापस मुखर्जी, डॉ. अमरनाथ शर्मा एवं श्री सुरेंद्र कुमार मेहर थे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा थे। डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा ने पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय लेखक द्वारा लिखित विश्व प्रसिद्ध पुस्तक की खोज करने की पहल के लिए विभाग को बधाई दी। ये पुस्तकें जीवन परिवर्तक हैं और यदि सभी छात्र इन्हें गंभीरता से लें और सुझावात्मक उपायों को लागू करें तो उनका जीवन काफी हद तक बदल जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों को जीवन बदलने वाली इन अद्भुत पुस्तकों को पढ़ने में अपना बहुमूल्य समय बिताने के लिए बधाई दी गई और इस पहल को महाविद्यालयीन स्तर पर ले जाने के लिए विभाग को भी बधाई दी । धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. समीर जायसवाल ने प्रस्तुत किया।




बुक समरी कम्पटीशन "रिच डैड पुअर डैड रोबर्ट" रॉबर्ट कियोसाकी

- चलचित्र विश्लेषण प्रतियोगिता

वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 04.01.2024 को विभाग स्तरीय चलचित्र विश्लेषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग द्वारा फिल्म "12TH FAIL" की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। 12TH FAIL विशेष रूप से वंचित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक फिल्म में से एक है, निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा ने श्री मनोज शर्मा की जीवन कहानी को वास्तविक रूप से चित्रित किया है, उनके संघर्ष, समर्पण और दृढ़ संकल्प को दिखाया हैं यह उन सभी विद्यार्थियों के लिए जीवन का सबक है, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में नगण्य सुविधाओं के साथ रह रहे हैं। 50 से अधिक छात्रों के एक बैच ने 12वीं फेल फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग देखी। फिल्म के पूरा होने के बाद, आयोजकों ने 50 छात्रों के बैच को 10 समूहों में विभाजित किया और उन्होंने फिल्म से सीख और आईपीएस मनोज शर्मा के जीवन के सबक की प्रस्तुति दी। मूवी विश्लेषण और प्रस्तुति के निर्णायक डॉ. तापस मुखर्जी और विशेष स्क्रीनिंग के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा थे।




चलचित्र विश्लेषण प्रतियोगिता

## महाविद्यालय में आयोजित पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

### रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम

- एड्स के लिए जागरूक करने रैली

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स बीमारी को लेकर ग्राम बोरी में रैली निकाली गई। ग्राम वासियों को जागरूक किया गया ,महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्राध्यापकों ने इस रैली में अपनी भागीदारी दी। रेड रिबन क्लब की प्रभारी  कविता ठाकुर के सफल निर्देशन में इस रैली का आयोजन हुआ जिसमें  एड्स जैसी बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता फैलाई गई एवं छात्र–छात्राओं द्वारा नारे लगाए गए। महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने इस आयोजन में बढ़–चढ़कर हिस्सा।




रैली का आयोजन

- पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रेड रिबन क्लब द्वारा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी 2024 को श्रीमती कविता ठाकुर के सफल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ , जिसमें छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर रंगोली एवं पोस्टर बनाया। रंगोली एवं पोस्टर बनाने का उद्देश्य एड्स डाट्स जैसे बीमारी पर जागरूकता फैलाना था। एड्स बीमारी किस करण से होती है? और उनके क्या उपचार हैं  प्रतियोगिता के पश्चात कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने छात्र–छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान में प्रशस्ति पत्र एवं मेडल वितरित किए। इस विषय पर कार्यक्रम का समापन करते हुए रेड रिबन क्लब की प्रभारी श्रीमती कविता ठाकुर ने बताया कि समिति नियमित अंतराल पर ग्रामीण क्षेत्रों में एड्स पर जागरूकता आयोजित करता है। लाल रंग प्रभावित लोगों के लिए जुनून और सहनशीलता का प्रतीक है।खून की तरह लाल रंग एड्स से जूझने वाले कई लोगों के दर्द का प्रतिनिधित्व करता है। लाल उस गुस्से की तरह है जो उस लाचारी को दर्शाता है जिस बीमारी का हम सामना कर रहे हैं जिसका अभी तक कोई इलाज नहीं है लाल इस चेतावनी के संकेत के रूप में  है कि लापरवाही से हमारे समय की बड़ी समस्याओं को  हम अनदेखा न करें।















पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता

# रेड क्रॉस इकाई की गतिविधियाँ

- **शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान**

रेड क्रॉस इकाई शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी द्वारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान का आयोजन 8 फ़रवरी 2024 को किया गया जिसमें मुख्य वक्ता –डॉ महेंद्र शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप मे थे। उन्होंने वर्तमान समय में छात्रों और सामान्य लोगों में मानसिक अशांति और तनाव के बढ़ते मामलों पर बात की। उन्होंने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे रक्तचाप और शुगर के बारे में बात की जो आजकल खराब जीवनशैली के कारण युवाओं में आम है , उन्होंने मोबाइल फोन के बुरे प्रभावों के बारे में भी बात की, जो हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है लेकिन फिर भी हम जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता तय कर सकते हैं और जब भी आपको अनावश्यक लगे तो उसे भी छोड़ सकते हैं। उन्होंने फेफड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों पर भी चर्चा की जिन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ठीक किया जा सकता है। लेप्रोस्कोपी और एचआईवी एड्स संक्रामक रोग हुआ करते थे लेकिन समय बीतने के साथ जागरूकता और जानकारी ने इसे सामान्य लोगों के लिए बेहतर बना दिया है। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ तापस मुखर्जी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हमें मिलने वाले समर्थन की सराहना की। प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने भी इस तरह की व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने के लिए रेड क्रॉस इकाई बोरी को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. समीर जायसवाल ने किया ।



शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

## वार्षिक खेल उत्सव का दो दिवसीय आयोजन

खेल का हमारे जीवन में अतुलनीय महत्व है यह हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने हमारे व्यक्तित्व के विकास करने मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने में हमें सहायता करता है खेलकुद हमें जीवन में कठिन परिस्थितियों से निपटने और उन पर विजय पाने के तरीके सीखने में मदद करते हैं शरीर को आराम देते है । खेलने केवल मनोरंजन का साधन है वरन शारीरिक और मानसिक विकास का अहम हिस्सा है यह हमें अनुशासन आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण गुण सीखाता है खेलों में भाग लेने से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हैं और मानसिक संतुलन भी बनाए रखते हैं ।

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में 5 एवं 6 जनवरी को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर हंसराज ठाकुर थे खेल विभाग प्रभारी मोहित कुमार ने स्वागत भाषण दिया उन्होंने पूरा श्रेय खेल कप्तान उप कप्तान और अन्य सदस्यों को दिया जिन्होंने खेल भावना से सभी खेल मैदान को तैयार करने में अपना शत प्रतिशत प्रयास किया और आगे किसी के जीवन में खेलों के महत्व को और कैसे खेल व्यक्ति के जीवन को बदलते हैं इस बारे में चर्चा की ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हंसराज ठाकुर ने भी सभी छात्र–छात्राओं और संकाय के सदस्यों को उनके समर्थन के लिए बधाई दी । महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी श्री मोहित कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में खेलकूद की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई ,जिसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कर क्रमशः वॉलीबॉल पुरुष एवं महिला, बैडमिंटन पुरुष एवं महिला ,कबड्डी पुरुष एवं महिला ,खोखा पुरुष एवं महिला, 100 और 200 मीटर दौड़ महिला एवं पुरुष गोला फेक तवा फेक महिला एवं पुरुष ,शतरंज ,क्रिकेट पुरुष क्रिकेट महिला, टेबल टेनिस महिला एवं पुरुष, जैसे खेल का आयोजन किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने धन्यवाद् ज्ञापन किया। जिसमें उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को खेल भावना लाने तथा उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद किया।



वार्षिक खेल उत्सव

# युवा उत्सव का आयोजन

इस विश्वास के साथ की पाठ्यक्रम और पाठयेत्तर गतिविधियां छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास में बहुत योगदान देती हैं सांस्कृतिक समिति कई कार्यक्रमों का आयोजन करती है इस तरह के आयोजन छात्रों का प्रदर्शन कला, साहित्य कला आदि के विविध क्षेत्र में अपने प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं। सांस्कृतिक समिति अंतर महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करती हैं। सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करती हैं और हमारे छात्रों को महाविद्यालय स्तर पर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं इसी तरह के आयोजन और प्रतियोगिताओं के आयोजन और आयोजन का अनुभव हमारे छात्रों के सर्वांगीण विकास की ओर ले जाता है क्योंकि यह उनके नेतृत्व कौशल और टीम भावना को सामने लाता है।

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दो दिवसीय उत्सव का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी जनवरी 2024 को हुआ। युवा उत्सव कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर कविता ठाकुर ,डॉ मनीषा ठाकुर एवं श्री मोहित कुमार रहे। कार्यक्रमों को 10 और 11 दो दिवस में बांटा गया कार्यक्रमों में क्रमशः रंगोली, मेहंदी, केश सज्ञा , सलाद सज्ञा ,अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनाना, एकल गान ,समूह गान ,एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं नाटक का प्रदर्शन किया गया। इन कार्यक्रमों को महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने प्रभारी बनकर सुंदर तरीके से निर्देशन दिया एवं परिणाम घोषित किया। प्रत्येक कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता भी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी भागीदारी दी , कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल एवं कालेज परिसर में हुआ।रंगोली में प्रथम स्थान पर धनराज बीकॉम सेकंड ईयर, मेहंदी में प्रथम स्थान पर ताशु पटेल बीएससी फर्स्ट ईयर ,सलाद सज्ञा में प्रथम स्थान पर धनराज बीकॉम फर्स्ट ईयर, अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनाने की प्रतियोगिता में प्रियंका साहू बी.एस.सी फर्स्ट ईयर ,प्रथम एकल नृत्य में साक्षी बी.एससी सेकंड ईयर, समूह नृत्य जो की छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आयोजित था, प्रथम स्थान पर संध्या धार्मिका एवं दीपिका बी.ए .सेकंड ईयर एवं दोषी ज्योति काजल टिकेश्वरी बी.एससी. द्वितिय वर्ष,युगल नृत्य में प्रथम स्थान मुरली बी.एससी तृतीय वर्ष और डेविड बी.कॉम तृतीय वर्ष, एकल गान में प्रथम स्थान शीतल बी.कॉम तृतीय वर्ष, ने प्राप्त किया।



दो दिवसीय युवा उत्सव एवं गतिविधियां

## वार्षिक उत्सव का आयोजन

वास्तव में प्रत्येक महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं बल्कि सभी छात्र–छात्राओं की रुचि और प्रगति का लेखा–जोखा जानना होता है इस आयोजन से सभी विद्यार्थियों को नए उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति होती है।

शासकीय नवीन महाविद्यालय में 19 जनवरी 2024 को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 हमारे अतिथियों डॉ. हंसराज ठाकुर प्रभारी प्राचार्य ,डॉ आनंद विश्वकर्मा, डॉ. तापस मुखर्जी, डॉ. आशा दीवान और डॉक्टर एन .शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। डॉक्टर तापस मुखर्जी ने स्वागत भाषण दिया, डॉ आशा दीवान ने संक्षिप्त भाषण दिया।उसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।विद्यार्थियों के प्रदर्शन से पूरे स्टाफ का स्वागत किया गया और उनका मनोरंजन किया गया। खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिए गये विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। समारोह के बाद जलपान की व्यवस्था की गई। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम जैसे छत्तीसगढ़ी गीत साक्षी बीएससी अंतिम वर्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया बीकॉम के छात्र–छात्राओं द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा चंचल एवं साक्षी द्वारा भांगड़ा नृत्यप्रस्तुत किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अपने जीवन के अनुभव को कविता के माध्यम से साझा किया। बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी को वर्ष के सबसे अच्छी छात्रा होने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया।






वार्षिक उत्सव का आयोजन

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन

- स्वतंत्रता दिवस

सन 1947 में इसी दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी यह भारत का राष्ट्रीय त्योहार है लाल किले पर फहराता तिरंगा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनेक इमारत व स्थान पर देखे जा सकते हैं। प्रतिवर्ष इस दिन भारत के प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हैं। स्वतंत्रता ही वह साधन है जिसके द्वारा नए विचार रचनात्मक कला नित्य नए उत्पादन जीवन की गुणवत्ता का विकास होता है।

शासकीय नवीन महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ महात्मा गांधी जी सरदार पटेल एवं सुभाष चंद्र बोस और अन्य महापुरुषों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित करके किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद विश्वकर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर, राष्ट्रीय गान गाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहित कुमार द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने आजादी के महत्ता को सुंदर तरीके से समझाए। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का वर्णन किया। इसी कड़ी में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशा दीवान अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हंसराज ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं

बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने अपने उपस्थिति दर्ज कराई। छात्र–छात्राओं को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।






स्वतंत्रता दिवस

- **गणतंत्र दिवस**

26 जनवरी को भारतीय संविधान लागू हुआ जिसने देश को अपने स्वयं के कानून और अधिकार दिए यह भारत को एक उपनिवेश से एक स्वतंत्र और सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा को दर्शाता है गणतंत्र दिवस हमें हमारे नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दी गई कड़ी मेहनत और बलिदान की याद दिलाता है। यह दिवस न केवल हमारे अधिकारों की याद दिलाता है बल्कि इस देश के नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्य को भी याद दिलाता है।

शासकीय नवीन महाविद्याल बोरीमें गणतंत्र दिवस  मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण करके किया गया तत्पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया ।कार्यक्रम का मंच संचालन श्री मोहित कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार डॉ हंसराज ठाकुर ने गणतंत्र दिवस एवं संविधान के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला । महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने संविधान लागू होने के इतिहास को संक्षिप्त रूप से सभी छात्र–छात्राओं के समक्ष रखा । कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीना चक्रवर्ती ने किया एवं छात्र–छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया।

- **गाँधी जयंती**

शासकीय नवीन महाविद्यालय में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. आशा दिवान ने गांधी जी के संबंध में बताते हुए कहा कि गांधी जी के विचार आज भी  प्रासंगिक है क्यों कि सत्य और अहिंसा ऐसे मानवीय मूल्य हैं जो कि हर युग में समाज के लिए आवश्यक होते हैं ।







गणतंत्र दिवस

## महाविद्यालय में आयोजित अन्य कार्यक्रम

- **प्राचार्य को दी गई विदाई**

शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार विश्वकर्मा को 30 नवंबर 2023 को विदाई दी गई आयोजन का आरंभ रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीना चक्रवर्ती ने किया।विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तापस मुखर्जी अंग्रेजी विभाग,श्री सुरेन्द्र कुमार मेहर गणित विभाग डॉ. आशा दीवान हिंदी विभाग अमरनाथ शर्मा समाजशास्त्र विभाग ,डॉ. हंसराज ठाकुर अर्थशास्त्र विभाग डॉ. संगीता देवी शर्मा वनस्पति विभाग ,श्रीमती कविता ठाकुर जंतु विभाग, डॉ समीर जायसवाल वाणिज्य विभाग ,श्री भागवत कुर्रे भूगोल विभाग, डॉ मनीषा ठाकुर रसायन शास्त्र विभाग, श्री मोहित कुमार भौतिक शास्त्र विभाग, एवं अतिथि व्याख्याता सुनील देवांगन, डॉ नुसरत जहां, डॉ भारती साहू ,डॉक्टर आशुतोष साहू ,विनीता मेश्राम, एवं रीनू वर्मा ने माननीय प्राचार्य महोदय के लिए अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ आनंद विश्वकर्मा के साथ साझा किए हुए महाविद्यालय के अच्छे और परिश्रम भरे पलों को बताते हुए इंग्लिश विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर तापस मुखर्जी ने खूबसूरती से अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया तत्पश्चात हिंदी विभाग






प्राचार्य का विदाई समारोह

के विभागाध्यक्ष डॉ आशा दीवान ने सुंदर कविता का पाठ करते हुए डॉ. आनंद विश्वकर्मा को बधाई दी एवं उन्हें विदाई दी। यह आयोजन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉक्टर आनंद विश्वकर्मा को एक अभिनंदन पत्र और कुछ अन्य सामग्री सप्रेम भेट दिया गया, इस अवसर पर डॉ. आनंद विश्वकर्मा का पूरा परिवार उपस्थित रहा।

**शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी, जिला - दुर्ग ( छत्तीसगढ़ )**

**द्वारा प्रकाशित फोन - +91-91096-98296**

ई मेल – govtcollegebori@gmail.com वेबसाइड – www.govtcollegebori.com